मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 09 अगस्त 2017

## जामिया ने ली 2022 तक भ्रष्टाचार मुक्त, ग़रीबी मुक्त, सम्प्रदाय मुक्त नए भारत के निर्माण में सहयोग की शपथ

भारत की आज़ादी के लिए मील का पत्थर साबित हुए 1942 के 'भारत छोड़ो 'आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया ःजेएमआईः ने वर्ष 2022 तक एक ऐसे नए भारत का निर्माण करने में भागीदार बनने की आज शपथ ली जो ग़रीबी मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, आतंकवाद मुक्त, सम्प्रदाय मुक्त, जातिवाद मुक्त एक स्वच्छ भारत हो।

जेएमआई के अध्यापकों, छात्रों, प्रशासनिक एवं अन्य कर्मचारियों ने एकत्र होकर यह शपथ ली। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ए पी सिद्दीक़ी ःआईपीएसः ने यह शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले अपने 'मन की बात ः संबोधन में कहा था कि 9 अगस्त 1942 को भारत के लोगों ने अंग्रेज़ी शासन समाप्त करने के लिए 'भारत छोड़ो' आंदोलन शुरू किया और उसके पांच साल के भीतर ही अंग्रेज़ों को जाना पड़ा। उन्होंने कहा

कि यह 9 अगस्त देश के सभी  नागरिकों के भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने और उसे सिद्ध करने का मौका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से पांच वर्ष बाद 2022 में जब देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाएगा तो उस समय ये पांच साल देश के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

आज लिया गया संकल्प है :

**नए भारत का संकल्प**

'' हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं एक नए भारत का।

1942 में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने एक संकल्प लिया था, भारत छोड़ो का और 1947 में वह महान संकल्प सिद्ध हुआ, भारत स्वतंत्र हुआ।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं 2022 तक नए भारत को निर्माण का।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं, स्वच्छ भारत का।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं, ग़रीबी मुक्त भारत का।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं, आतंकवाद मुक्त भारत का।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं, सम्प्रदायवाद मुक्त भारत का।

हम सब मिलकर संकल्प लेते हैं, जातिवाद मुक्त भारत का।

नए भारत के निर्माण के अपने इस संकल्प की सिद्धि के लिए हम सब मन और कर्म से जुट जाएंगे।

साइमा सईद

मीडिया कोऑर्डनैटर

9891227771